**Space for Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह**

1062338057

1062338057

1062338057

1062338057

उत्तर पत्रक में दो प्रतियाँ हैं – मूल प्रति और द्वितीय प्रति, परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर पत्रक के दोनों प्रत्तियाँ वीक्षक को सौपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं द्वितीय प्रति को अलग नहीं करें। वीक्षक द्वारा उत्तर पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, द्वितीय प्रति को मूल प्रति से कट लाईन से मोड़ कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौपेंगे। परीक्षार्थी द्वितीय प्रति को अपने साथ ले जायेंगे।



ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती परीक्षा-2021 दिनांक - 27/12/21 Evening

# प्रश्न पुस्तिका / QUESTION BOOKLET

| | |
|---|---|
| पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या / Number of Pages in Booklet : 16 | |
| पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या / Number of Questions in Booklet : 100 | |
| अवधि / Duration : 2.00 घंटे / Hours | पूर्णांक / Maximum Marks : 100 |
| | **106-B** |

प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / Question Booklet Number 1062338057

## INSTRUCTIONS

1. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. Candidate will himself be responsible for filling wrong Roll No.
2. At the start of the examination, before attempting the question paper kindly check your test booklet and O.M.R. Answer Sheet and ensure that:
   * The serial numbers of test booklet and O.M.R answer sheet are same.
   * All pages of test booklet and O.M.R. answer sheet are properly printed. All questions from S. No. 1 to last S. No. 100 are printed and pages from S. No. 1 to last S. No. 16 are there in the question booklet.

   In case of any discrepancy/ defect the candidate should immediately report the matter to the invigilator for replacement of test booklet and O.M.R answer sheet. No claim / objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination. Candidate will be liable for it.
3. Answer all questions.
4. All questions carry equal marks.
5. Only one answer is to be given for each question.
6. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
7. There is no Negative marking.
8. Each question has four alternative responses marked serially as **(A), (B), (C), (D).** Candidate has to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN.**
9. Use of Mobile Phone/ Bluetooth Devices or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. If any such prohibited material is found with any candidate, strict action will be taken by the Board against him/her as per rule.
10. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature in Hindi and English version of the question, the English version will be treated as standard.

**Warning** : If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would be liable to be prosecuted under Section 3 of the **State Prevention of Unfair Means Act, 1992** and Board Regulations. Board may also debar him/her permanently from all future examinations of the Board.

## निर्देश

1. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें। गलत रोल नंबर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
2. प्रश्न–पत्र हल करने से पूर्व, परीक्षा प्रारम्भ होते ही प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक की भली–भाँति जाँच कर यह सुनिश्चित कर लें कि:
   * प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक के क्रमांक एक समान हैं।
   * प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक के सभी पृष्ठ सही छपे हुए हैं। प्रश्न–पत्र पुस्तिका में प्रश्न सं. 1 से अन्तिम क्रमांक 100 तक सभी प्रश्न क्रमवार मुद्रित हैं एवं सभी पृष्ठ क्रमवार 1 से 16 तक मौजूद हैं।

   किसी भी प्रकार की विसंगति होने या दोषपूर्ण होने पर प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक का दूसरा लिफाफा अभिजागर से प्राप्त कर लें। परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट के पश्चात् ऐसी स्थिति में किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उसमें समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।
3. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
4. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जावेगा।
7. ऋणात्मक अंक देय नहीं है।
8. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं, जिन्हें क्रमशः **(A), (B), (C), (D)** अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर–पत्रक पर **नीले बॉल प्वॉइंट पेन** से गहरा करना है।
9. मोबाईल फोन/ब्लूटूथ डिवाइस अथवा इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है, तो उसके विरुद्ध बोर्ड द्वारा नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जावेगी।
10. यदि किसी प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेज़ी रूपान्तरों में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न का अंग्रेज़ी रूपान्तरण मान्य होगा।

**चेतावनी** : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी और **राज्य अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम, 1992** की धारा 3 एवं बोर्ड रेग्यूलेशन के तहत कार्यवाही की जावेगी। साथ ही बोर्ड ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली बोर्ड की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए / Do not open this test booklet until you are asked to do so.**

1. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below –

**List-I**

1. Khamsin
2. Bora
3. Loo
4. Harmattan

**List-II**

a. West Africa
b. Egypt
c. Adriatic Sea
d. Northern Plains of India

**Code-**

(A) 1-(a), 2-(b), 3-(c), 4-(d)
(B) 1-(d), 2-(c), 3-(b), 4-(a)
(C) 1-(b), 2-(c), 3-(d), 4-(a)
(D) 1-(c), 2-(a), 3-(b), 4-(d)

सूची–I का सूची–II से मिलान कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए –

**सूची–I**

1. खमसिन
2. बोरा
3. लू
4. हरमट्टन

**सूची–II**

a. पश्चिमी अफ्रीका
b. मिस्र
c. एड्रियाटिक सागर
d. उत्तरी भारत के मैदान

**कूट–**

(A) 1-(a), 2-(b), 3-(c), 4-(d)
(B) 1-(d), 2-(c), 3-(b), 4-(a)
(C) 1-(b), 2-(c), 3-(d), 4-(a)
(D) 1-(c), 2-(a), 3-(b), 4-(d)

2. "The Peacock Throne" was made during which Mughal ruler's reign?

(A) Jahangir (B) Shah Jahan
(C) Akbar (D) Humayun

किस मुगल सम्राट के शासनकाल में "मयूर सिंहासन" का निर्माण किया गया था?

(A) जहाँगीर (B) शाहजहाँ
(C) अकबर (D) हुमायूं

3. Which of the following (Place – Rebel Leader) pair is not correctly matched?

(A) Rohilkhand – Khan Bahadur Khan
(B) Allahabad – Liaquat Ali
(C) Jhansi – Lakshmi Bai
(D) Kanpur –Begum Hazrat Mahal

अधोलिखित में से कौनसा (स्थान – विद्रोही नेता) युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(A) रोहिलखंड – खान बहादुर खान
(B) इलाहाबाद – लियाकत अली
(C) झाँसी – लक्ष्मीबाई
(D) कानपुर – बेगम हज़रत महल

4. "Bamrasia" is a famous folk dance form of which region?

(A) Vagad
(B) Mewar
(C) Shekhawati
(D) Alwar–Bharatpur

"बमरसिया" कौन से क्षेत्र का लोक–नृत्य है?

(A) वागड़
(B) मेवाड़
(C) शेखावाटी
(D) अलवर–भरतपुर

5. Who has composed the "Rao Jaitsi Ro Chhand"?

(A) Beethu Suja
(B) Chand Bardai
(C) Suryamal Misran
(D) Muhnot Nainsi

"राव जैतसी रो छन्द" के रचयिता हैं –

(A) बीठू सूजा
(B) चन्द बरदाई
(C) सूर्यमल्ल मिश्रण
(D) मुहणोत नैणसी



6. Which one of the following is the largest (Area-wise) agro-climatic zone of Rajasthan?

(A) II-A (B) II-B
(C) I-B (D) I-C

निम्नलिखित में से कौन सा कृषि–जलवायु खण्ड (क्षेत्रफलानुसार) राजस्थान में सबसे बड़ा है?

(A) II-ए (B) II-बी
(C) I-बी (D) I-सी

7. World famous "Old Faithful Geyser" is located in-

(A) New Zealand (B) Iceland
(C) United States of America (D) Japan

विश्व प्रसिद्ध "ओल्ड फेथफुल गीज़र" अवस्थित है –

(A) न्यूज़ीलैण्ड में (B) आइसलैण्ड में
(C) संयुक्त राज्य अमेरिका में (D) जापान में

8. In which event of Tokyo Paralympics – 2021, Avani Lekhara won Gold Medal?

(A) Discus Throw (B) Javelin Throw
(C) Shooting (D) High Jump

टोक्यो पैरालंपिक्स–2021 में, अवनी लेखरा ने किस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता?

(A) डिस्कस फेंक (B) भाला फेंक
(C) शूटिंग (D) ऊँची कूद

9. Which one of the following (Wildlife Sanctuary - District/Districts) is not correctly matched?

(A) Bassi – Chittorgarh
(B) Band Baretha - Alwar
(C) Todgarh Raoli – Pali, Ajmer and Rajsamand
(D) Phulwari Ki Nal - Udaipur

निम्नलिखित में से कौनसा (वन्यजीव अभयारण्य – जिला/जिले) सही सुमेलित नहीं है?

(A) बस्सी – चित्तौड़गढ़
(B) बन्ध बारेठा – अलवर
(C) टॉडगढ़ रावली – पाली, अजमेर और राजसमन्द
(D) फुलवारी की नाल – उदयपुर

10. Match List–I with List-II and select the correct answer using the code given below –

**List-I (Lake/Dam)**

1. Talab-e-Shahi
2. Gaib Sagar
3. Kadana
4. Hemawas

**List-II (District)**

i. Pali
ii. Banswara
iii. Dholpur
iv. Dungarpur

**Code-**

(A) 1-(i), 2-(ii), 3-(iii), 4-(iv)
(B) 1-(iii), 2-(iv), 3-(ii), 4-(i)
(C) 1-(ii), 2-(iii), 3-(i), 4-(iv)
(D) 1-(iii), 2-(ii), 3-(iv), 4-(i)

सूची–I का सूची–II से मिलान कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए –

**सूची–I (झील/बाँध)**

1. तालाब–ए–शाही
2. गैब सागर
3. कडाणा
4. हेमावास

**सूची–II (जिला)**

i. पाली
ii. बांसवाड़ा
iii. धौलपुर
iv. डूंगरपुर

**कूट –**

(A) 1-(i), 2-(ii), 3-(iii), 4-(iv)
(B) 1-(iii), 2-(iv), 3-(ii), 4-(i)
(C) 1-(ii), 2-(iii), 3-(i), 4-(iv)
(D) 1-(iii), 2-(ii), 3-(iv), 4-(i)

11. Which one of the following (Breed – Livestock) is not correctly matched?

(A) Barbari - Goat (B) Chanothar - Sheep
(C) Lohi - Buffalo (D) Kankrej - Cattle

निम्नलिखित में से कौनसा (नस्ल – पशुधन) सही सुमेलित नहीं है?

(A) बरबरी – बकरी (B) चनोथर – भेड़
(C) लोही – भैंस (D) कांकरेज – गौवंश

12. "Krishak Kalyan Kosh" has been constituted on.........in Rajasthan for 'ease of doing farming' for the farmers.
(A) 16th December, 2019
(B) 16th August, 2018
(C) 16th August, 2017
(D) 26th January, 2019

राजस्थान में किसानों हेतु कृषि में आसानी के लिए ''कृषक कल्याण कोष'' का गठन....................किया गया है।
(A) 16 दिसम्बर, 2019 को
(B) 16 अगस्त, 2018 को
(C) 16 अगस्त, 2017 को
(D) 26 जनवरी, 2019 को

13. "Swasth Dhara Khet Hara" is the tagline of -
(A) Paramparagat Krishi Vikas Yojana
(B) Soil Health Card Scheme
(C) Sub-Mission on Agro-forestry
(D) Pradhan Mantri Krishi Sinchai Yojana

''स्वस्थ धरा खेत हरा'' नारा है –
(A) परम्परागत कृषि विकास योजना का
(B) मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना का
(C) कृषि–वानिकी पर उप–मिशन का
(D) प्रधानमन्त्री कृषि सिंचाई योजना का

14. The 'Damore' tribe is mostly found at -
(A) Kota and Baran
(B) Bhilwara
(C) Dungarpur and Banswara
(D) Pratapgarh

'डामोर' जनजाति अधिकतर पायी जाती है –
(A) कोटा और बारां में
(B) भीलवाड़ा में
(C) डूँगरपुर और बांसवाड़ा में
(D) प्रतापगढ़ में

15. "Ratwai" folk dance is related to -
(A) Hadoti Region
(B) Mewat Region
(C) Malwa Region
(D) Mewar Region

''रतवाई'' लोक नृत्य संबंधित है –
(A) हाड़ौती क्षेत्र से
(B) मेवात क्षेत्र से
(C) मालवा क्षेत्र से
(D) मेवाड़ क्षेत्र से

16. Which Lok Devta is worshipped as "God of Camels" (Oonton ke Devta)?
(A) Ramdevji
(B) Tejaji
(C) Devnarayan ji
(D) Pabuji

कौन से लोक देवता को ''ऊँटों के देवता'' के रूप में पूजा जाता है?
(A) रामदेवजी
(B) तेजाजी
(C) देवनारायण जी
(D) पाबूजी

17. The depiction of hunting by women is characteristic of which painting style?
(A) Jodhpur Style
(B) Mewar Style
(C) Kota Style
(D) Uniara Style

नारियों द्वारा शिकार करते हुए चित्रण किस चित्रकला शैली की विशेषता है?
(A) जोधपुर शैली
(B) मेवाड़ शैली
(C) कोटा शैली
(D) उनियारा शैली

18. Which amongst the following is <u>not</u> an ornament of the neck?
(A) Timaniya
(B) Amla
(C) Kanthala
(D) Mandaliya

अधोलिखित में से कौनसा आभूषण गले में <u>नहीं</u> पहना जाता?
(A) तिमणिया
(B) आँवला
(C) काँठला
(D) मांदलिया

19. 'Padma Bhushan Award' for the year 2020-21 in the field of civil service is awarded to -
(A) Sumitra Mahajan
(B) Krishnan Nair
(C) Trilochan Singh
(D) Nripendra Misra

वर्ष 2020-21 के लिए सिविल सेवा के क्षेत्र में 'पद्म भूषण पुरस्कार' प्रदान किया गया है –
(A) सुमित्रा महाजन को
(B) कृष्णन नायर को
(C) त्रिलोचन सिंह को
(D) नृपेन्द्र मिश्रा को

1062338057



20. Match List-I with List-II and choose the correct answer using the code given below –

**<u>List-I (Book)</u>**
i. Amarakosha
ii. Kavya Mimansa
iii. Brihatkatha
iv. Svapnavasavadattam

**<u>List-II (Writer)</u>**
a. Bhas
b. Gunadhya
c. Amarasimha
d. Rajashekhara

**<u>Code-</u>**
(A) i-(c), ii-(d), iii-(b), iv-(a)
(B) i-(d), ii-(a), iii-(c), iv-(b)
(C) i-(a), ii-(b), iii-(c), iv-(d)
(D) i-(d), ii-(a), iii-(b), iv-(c)

सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए एवं नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए –

**<u>सूची–I (पुस्तक)</u>**
i. अमरकोश
ii. काव्यमीमांसा
iii. बृहत्कथा
iv. स्वप्नवासवदत्तम्

**<u>सूची–II (लेखक)</u>**
a. भास
b. गुणाढ्य
c. अमरसिंह
d. राजशेखर

**<u>कूट–</u>**
(A) i-(c), ii-(d), iii-(b), iv-(a)
(B) i-(d), ii-(a), iii-(c), iv-(b)
(C) i-(a), ii-(b), iii-(c), iv-(d)
(D) i-(d), ii-(a), iii-(b), iv-(c)

21. 'Rindhrohi' is composition by -
(A) Paras Arora
(B) Chandra Prakash Deval
(C) Malchand Tiwari
(D) Arjun Deo Charan

'रिन्दरोही' किसकी रचना है?
(A) पारस अरोड़ा
(B) चंद्रप्रकाश देवल
(C) मालचंद तिवारी
(D) अर्जुनदेव चारण

22. Who wrote a book entitled 'Rajput Painting' in 1916 A.D.?
(A) Ananda Coomaraswamy
(B) Jai Singh Neeraj
(C) Vachaspati Gairola
(D) Raikrishan Das

'राजपूत पेंटिंग' शीर्षक से 1916 ई. में किसने पुस्तक लिखी?
(A) आनन्द कुमारस्वामी
(B) जयसिंह नीरज
(C) वाचस्पति गैरोला
(D) रायकृष्णदास

23. What is 'Pal'?
(A) Bhils' settlement
(B) Meenas' settlement
(C) Sahariyas' settlement
(D) Farming done by tribes

'पाल' किसे कहते हैं?
(A) भीलों की बस्ती
(B) मीणाओं की बस्ती
(C) सहरियाओं की बस्ती
(D) जनजातियों द्वारा की जाने वाली खेती

24. The Institution which was not the part of the group that developed 5Gi technology is -
(A) Centre of Excellence in Wireless Technology (CEWiT)
(B) IIT - Bombay
(C) IIT- Madras
(D) IIT - Hyderabad

संस्थान जो 5Gi तकनीक को विकसित करने वाले समूह का हिस्सा नहीं था –
(A) सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन वायरलेस टेक्नोलॉजी (CEWiT)
(B) आई.आई.टी.– बम्बई
(C) आई.आई.टी.– मद्रास
(D) आई.आई.टी.– हैदराबाद

25. 'Ring of Fire' is located at -
(A) Atlantic Ocean
(B) Pacific Ocean
(C) Indian Ocean
(D) Arctic Ocean

'रिंग ऑफ फायर' अवस्थित है –
(A) अटलाण्टिक महासागर में
(B) प्रशान्त महासागर में
(C) हिन्द महासागर में
(D) आर्कटिक महासागर में

26. Leading Lac producing state in India is -
(A) Chhattisgarh
(B) West Bengal
(C) Madhya Pradesh
(D) Jharkhand

भारत में सर्वाधिक लाख उत्पादक राज्य है –
(A) छत्तीसगढ़
(B) पश्चिम बंगाल
(C) मध्यप्रदेश
(D) झारखण्ड

27. The bank of Mahi river is called -
(A) Chappan
(B) Thali
(C) Kanthal
(D) Deval

माही नदी का किनारा कहलाता है –
(A) छप्पन
(B) थली
(C) कांठल
(D) देवल

**28.** Which of the following pairs of major cattle fairs and their related sites in Rajasthan is not correctly matched?
(A) Shri Baldev cattle fair - Karauli
(B) Shri Gogamedi cattle fair - Nohar, Hanumangarh
(C) Shri Mallinath cattle fair - Tilwara, Barmer
(D) Shri Chandrabhaga cattle fair - Jhalrapatan, Jhalawar

अधोलिखित राजस्थान के प्रमुख पशु–मेलों व उनसे संबंधित स्थलों में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?
(A) श्री बलदेव पशु मेला – करौली
(B) श्री गोगामेड़ी पशु मेला – नोहर, हनुमानगढ़
(C) श्री मल्लीनाथ पशु मेला – तिलवाड़ा, बाड़मेर
(D) श्री चन्द्रभागा पशु मेला – झालरापाटन, झालावाड़

**29.** The Vindhyan scarplands are part of -
(A) The Southern Aravalli Range
(B) The Northern Aravalli Range
(C) South Eastern Rajasthan Plateau
(D) Mahi Basin

विन्ध्यन कगार भूमियाँ हिस्सा हैं –
(A) दक्षिणी अरावली श्रृंखला का
(B) उत्तरी अरावली श्रृंखला का
(C) दक्षिणी पूर्वी राजस्थान पठार का
(D) माही बेसिन का

**30.** As on December 2020, the installed power capacity of Rajasthan is -
(A) 21836 MW (B) 21148 MW
(C) 20613 MW (D) 19764 MW

दिसम्बर 2020 तक, राजस्थान की स्थापित विद्युत क्षमता है –
(A) 21836 MW (B) 21148 MW
(C) 20613 MW (D) 19764 MW

**31.** Pashupata Shaiva sect was propounded by -
(A) Ishan (B) Shankaracharya
(C) Lakulisha (D) Madhvacharya

पाशुपत नामक शैव सम्प्रदाय के प्रवर्तक थे –
(A) ईशान (B) शंकराचार्य
(C) लकुलिश (D) माध्वाचार्य

**32.** Which Indian site is included in UNESCO world heritage list in July, 2021?
(A) Meenakshi Temple (B) Corbett National Park
(C) Qutub Minar (D) Ramappa Temple

भारत का कौन सा स्थल जुलाई, 2021 में यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया है?
(A) मीनाक्षी मंदिर (B) कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान
(C) कुतुब मीनार (D) रामप्पा मंदिर

**33.** Rao Rai Singh was called 'Karna of Rajputana' by -
(A) Munshi Devi Prasad
(B) Gangananda Maithil
(C) Bithu Suja
(D) Chintamani Bhatt

राव रायसिंह को 'राजपुताने का कर्ण' किसने कहा?
(A) मुंशी देवी प्रसाद
(B) गंगानंद मैथिल
(C) बिठू सूजा
(D) चिन्तामणि भट्ट

**34.** Who was the British Political Agent in the Bharatpur state at the time of revolt of 1857?
(A) Shawers (B) Morrison
(C) Burton (D) Mason

1857 की क्रांति के समय भरतपुर रियासत में ब्रिटिश पॉलिटिकल एजेन्ट कौन था?
(A) शावर्स (B) मॉरिसन
(C) बर्टन (D) मेसन

**35.** Brown Waterfalls are situated in -
(A) Peru (B) Norway
(C) New Zealand (D) Switzerland

ब्राउन जल प्रपात कहाँ स्थित है?
(A) पेरू (B) नॉर्वे
(C) न्यूज़ीलैण्ड (D) स्विट्ज़रलैण्ड

**36.** As per the recently released UNESCO 2021 State of the Education Report, the access to the internet in schools all over India is -
(A) 42% (B) 29%
(C) 22% (D) 19%

हाल ही में जारी की गई, यूनेस्को 2021 स्टेट ऑफ द एजुकेशन रिपोर्ट के अनुसार, संपूर्ण भारत के विद्यालयों में इन्टरनेट की पहुँच है –
(A) 42% (B) 29%
(C) 22% (D) 19%

**37.** India's first manned ocean mission is named as -
(A) Samudrayan (B) Matsyayan
(C) Varunyan (D) Vishnuyan

भारत के प्रथम मानवयुक्त महासागर मिशन का नाम है –
(A) समुद्रयान (B) मत्स्ययान
(C) वरुणयान (D) विष्णुयान



**38.** Which is the only continent through which the Tropic of Cancer, the Equator and the Tropic of Capricorn pass?
(A) Europe (B) Asia
(C) Africa (D) North America

कौनसा एक मात्र महाद्वीप है जिससे कर्क रेखा, भूमध्य रेखा और मकर रेखा गुजरती हैं?
(A) यूरोप (B) एशिया
(C) अफ्रीका (D) उत्तरी अमेरिका

**39.** As per the State Budget Speech 2021-22, Rajasthan Institute of Advanced Learning will be established as a Deemed University in -
(A) Jaipur (B) Jodhpur
(C) Kota (D) Ajmer

राज्य बजट भाषण 2021-22 में, डीम्ड विश्वविद्यालय के रूप में राजस्थान इन्स्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड लर्निंग की स्थापना कहाँ रहने की घोषणा की गई?
(A) जयपुर (B) जोधपुर
(C) कोटा (D) अजमेर

**40.** 'Mand' was the ancient name of -
(A) Pratapgarh (B) Jaisalmer
(C) Karauli (D) Bundi

'मांड' प्राचीन नाम था –
(A) प्रतापगढ़ का (B) जैसलमेर का
(C) करौली का (D) बूंदी का

**41.** Study the following statement and answer the question given below.
Some friends are sitting on a bench. A is sitting next to B and C is sitting next to D. D is not sitting with E. E is on the left end of the bench and C is on second position from right side. A is on the right side of B and to the right side of E. A and C are sitting together.
A is sitting between -
(A) B and D (B) B and C
(C) E and D (D) C and D

निम्नलिखित कथन को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
कुछ मित्र एक बैंच पर बैठे हैं। A, B के पास बैठा है और C, D के पास है। D, E के साथ नहीं बैठा है। E बैंच के बायें तरफ के किनारे पर बैठा है और C दायीं ओर से दूसरे स्थान पर बैठा है। A, B के दायीं ओर है और E के दायीं ओर है। A और C एक साथ बैठे हैं।
A बीच में बैठा है –
(A) B और D के (B) B और C के
(C) E और D के (D) C और D के

**42.** Here, a statement is followed by four conclusions numbered I, II, III and IV. You have to take the given statements to be true even if they seem to be at variance from the commonly known facts. Read all the conclusions and then decide which of the given conclusions logically follow from the given statements, disregarding commonly known facts.
**Statements :** Some Jokers are man. No man is cycle.
**Conclusions :** (I) No Joker is cycle.
(II) No man is Joker.
(III) Some Jokers are cycles.
(IV) Some men are Jokers.
(A) Only I and III follow
(B) Only IV follows
(C) Only I, II and IV follow
(D) All follow

यहाँ, एक कथन के पश्चात् 4 निष्कर्ष I, II, III एवं IV दिए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है भले ही वे सामान्य ज्ञात तथ्यों से भिन्न हों। सभी निष्कर्षों को पढ़कर निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/कौन से तार्किक रूप से दिए कथनों का अनुसरण करते हैं, सामान्य ज्ञात तथ्यों की अनदेखी करते हुए।
कथन : कुछ मसखरे पुरुष हैं। कोई भी पुरुष, साईकिल नहीं है।
निष्कर्ष : (I) कोई भी मसखरा, साईकिल नहीं है।
(II) कोई भी पुरुष, मसखरा नहीं है।
(III) कुछ मसखरे, साईकिलें हैं।
(IV) कुछ पुरुष, मसखरे हैं।
(A) केवल I तथा III अनुसरण करते हैं।
(B) केवल IV अनुसरण करता है।
(C) केवल I, II तथा IV अनुसरण करते हैं।
(D) सभी अनुसरण करते हैं।

**43.** Find out the wrong term in the following number series -
325, 259, 202, 160, 127, 105, 94
(A) 259 (B) 202
(C) 160 (D) 127

निम्न संख्या श्रेणी में गलत पद ज्ञात कीजिए –
325, 259, 202, 160, 127, 105, 94
(A) 259 (B) 202
(C) 160 (D) 127

44. Following question is based on the information provided below –

(I) ‘A × B’ means ‘A is mother of B’.

(II) ‘A - B’ means ‘A is brother of B’.

(III) ‘A + B’ means ‘A is sister of B’.

(IV) ‘A ÷ B’ means ‘A is father of B’.

How is K related to M in R ÷ M - K?

(A) Son (B) Daughter

(C) Nephew (D) K is either brother or sister of M

निम्न प्रश्न नीचे दी गई सूचना पर आधारित है –

(I) ‘A × B’ का अभिप्राय A, B की माता है।

(II) ‘A - B’ का अभिप्राय A, B का भाई है।

(III) ‘A + B’ का अभिप्राय A, B की बहन है।


(IV) ‘A ÷ B’ का अभिप्राय A, B के पिता हैं।

R ÷ M - K में K, M से किस प्रकार सम्बन्धित है?

(A) पुत्र (B) पुत्री

(C) भतीजा (D) K, M की बहन अथवा भाई है


45. Count the number of triangles in the figure below:



(A) 13 (B) 15

(C) 16 (D) 17


दिए गए चित्र में त्रिभुजों की संख्या गिनिए :



(A) 13 (B) 15

(C) 16 (D) 17


46. In the following figure, the number in place of question mark sign will be –




(A) 64 (B) 125

(C) 216 (D) 27

निम्न चित्र में, प्रश्न वाचक चिन्ह के स्थान पर आने वाला अंक होगा –




(A) 64 (B) 125

(C) 216 (D) 27

47. Here, some of the letters are missing which are given in that order as one of the alternatives below it. Choose the correct alternative –

w _ yzwwx _ yy _ zww _ xxx _ yy _ zz

(A) yyxwyz (B) yyzwyx

(C) xzxyww (D) xxzwyz

यहाँ, कुछ अक्षर अनुपस्थित हैं, जिन्हें नीचे एक विकल्प में क्रम से दिया गया है। सही विकल्प का चुनाव करिये –

w _ yzwwx _ yy _ zww _ xxx _ yy _ zz

(A) yyxwyz (B) yyzwyx

(C) xzxyww (D) xxzwyz

48. A cube of side 10 cm is coloured red with a 2 cm wide green strip along all the sides on all the faces. The cube is cut into 125 smaller cubes of equal sizes. How many cubes have atleast one face coloured?

(A) 89 (B) 98

(C) 76 (D) 102

सभी सतहों की सभी भुजाओं पर 2 से.मी. चौड़ी हरी पट्टी के साथ 10 से.मी. भुजा वाले एक घन को लाल रंग से रंगा गया है। इस घन को समान आकार के 125 छोटे घनों में काटा गया है। कम से कम एक रंगी हुई सतह वाले कितने घन हैं?

(A) 89 (B) 98

(C) 76 (D) 102



49. If in a certain code language, DAN = 357; SON = 458, LOTS = 1248; LOAN = 1345; SCOTLAND = 12345678, then code of “C” is equal to -

(A) 4 (B) 5

(C) 6 (D) 7

एक निश्चित कूट भाषा में, DAN = 357; SON = 458, LOTS = 1248; LOAN = 1345; SCOTLAND = 12345678, तो “C” का कूट बराबर है –

(A) 4 (B) 5

(C) 6 (D) 7

50. In a certain code language, “123” means “hot filtered coffee”, “356” means “very hot day” and “589” means “day and night”. Which digit means “very”?

(A) 3 (B) 5

(C) 6 (D) 9

एक निश्चित कूट भाषा में, “123” का मतलब “hot filtered coffee”, “356” का मतलब “very hot day” और “589” का मतलब “day and night” है। कौन से अंक का अर्थ “very” है?

(A) 3 (B) 5

(C) 6 (D) 9

51. The difference of 65% and 35% of the same number is 22.20, then 50% of that number is-

(A) 37 (B) 74

(C) 65 (D) 32.5

किसी संख्या के 65% एवं उसी संख्या के 35% का अंतर 22.20 है, तो उस संख्या का 50% है–

(A) 37 (B) 74

(C) 65 (D) 32.5

52. The number of terms in the expansion of $[(x-3y)^2(x+3y)^2]^3$ is-

(A) 7 (B) 6

(C) 14 (D) 8

$[(x-3y)^2(x+3y)^2]^3$ के विस्तार में पदों की संख्या है–

(A) 7 (B) 6

(C) 14 (D) 8

53. A bag contains coins of ₹ 1, 50 paise and 25 paise in the ratio of 2:3:5. If the total value of these coins is ₹ 228, then the number of 50 paise coins in that bag is-

(A) 240 (B) 144

(C) 96 (D) 48

एक थैले में 1 ₹, 50 पैसे और 25 पैसे के सिक्के 2:3:5 के अनुपात में हैं। यदि इन सिक्कों का कुल मूल्य 228 ₹ है, तो उस थैले में 50 पैसे के सिक्कों की संख्या है–

(A) 240 (B) 144

(C) 96 (D) 48

54. The pair of straight lines $x^2 - 4xy + y^2 = 0$ together with the line $x + y + 4\sqrt{6} = 0$ form a triangle which is -

(A) right angled but not isosceles (B) right isosceles

(C) scalene (D) equilateral

सीधी रेखाओं का युग्म $x^2 - 4xy + y^2 = 0$ रेखा $x + y + 4\sqrt{6} = 0$ के साथ मिलकर एक त्रिभुज बनाते हैं, जो है –

(A) समकोण लेकिन समद्विबाहु नहीं (B) समकोणीय समद्विबाहु

(C) विषमबाहु (D) समबाहु

55. The Harmonic Mean (H.M.) of the roots of the equation $(5+\sqrt{2})x^2 - (4+\sqrt{5})x + (8+2\sqrt{5}) = 0$ is -

(A) 2 (B) 4

(C) 6 (D) 8

समीकरण $(5+\sqrt{2})x^2 - (4+\sqrt{5})x + (8+2\sqrt{5}) = 0$ के मूलों का हरात्मक माध्य है–

(A) 2 (B) 4

(C) 6 (D) 8

56. On throwing two dice, the probability that sum of the numbers on the faces is 7 or 11, is -

(A) $\frac{1}{6}$ (B) $\frac{2}{9}$

(C) $\frac{1}{18}$ (D) $\frac{7}{36}$

दो पासें फेंकने पर दोनों के अंकों का योग 7 या 11 आने की प्रायिकता है –

(A) $\frac{1}{6}$ (B) $\frac{2}{9}$

(C) $\frac{1}{18}$ (D) $\frac{7}{36}$

1062338057

57. The number of ways of arrangements of 10 persons in four chairs is -
(A) 4050 (B) 5020
(C) 5040 (D) 6000

10 व्यक्तियों को 4 कुर्सियों पर कितने प्रकार से व्यवस्थित (बैठया) जा सकता है?
(A) 4050 (B) 5020
(C) 5040 (D) 6000

58. A metal sphere of 8 cm radius is melted and small balls of radius 0.5 cm are being made from it. The number of small balls are -
(A) 1728 (B) 4096
(C) 3375 (D) 2744

8 से.मी. त्रिज्या वाले एक धातु के गोले को पिघलाया जाता है और उससे पुनः 0.5 से.मी. त्रिज्या की गोलियाँ बनाई जाती हैं, इन गोलियों की संख्या है –
(A) 1728 (B) 4096
(C) 3375 (D) 2744

59. If $b + \frac{1}{c} = 1$ and $a + \frac{1}{b} = 1$, then abc = ?
(A) 4 (B) 2
(C) -1 (D) Cannot be determined

यदि $b + \frac{1}{c} = 1$ तथा $a + \frac{1}{b} = 1$ हो, तो abc = ?
(A) 4 (B) 2
(C) -1 (D) ज्ञात नहीं कर सकते

60. If a regular hexagon and an equilateral triangle have equal perimeter, then the ratio of areas of regular hexagon and equilateral triangle is -
(A) 8:5 (B) 2:3
(C) 3:2 (D) 5:4

यदि एक समषट्भुज और एक समबाहु त्रिभुज का परिमाप समान है, तो समषट्भुज और समबाहु त्रिभुज के क्षेत्रफलों का अनुपात है –
(A) 8:5 (B) 2:3
(C) 3:2 (D) 5:4

61. Provision of appointment of State Governors by the centre, has been taken from -
(A) Canada (B) Ireland
(C) Switzerland (D) United States of America

राज्य के राज्यपालों की केन्द्र द्वारा नियुक्ति के प्रावधान को लिया गया है –
(A) कनाडा से (B) आयरलैण्ड से
(C) स्विट्ज़रलैण्ड से (D) संयुक्त राज्य अमेरिका से

62. Rajasthan Foundation Day is celebrated on -
(A) 03rd March (B) 23rd March
(C) 30th March (D) 31st March

राजस्थान स्थापना दिवस मनाया जाता है –
(A) 03 मार्च (B) 23 मार्च
(C) 30 मार्च (D) 31 मार्च

63. How many members are there in District Planning Committee in Rajasthan?
(A) 25 (B) 30
(C) 35 (D) 40

राजस्थान में जिला आयोजना समिति में कितने सदस्य होते हैं?
(A) 25 (B) 30
(C) 35 (D) 40

64. When did Ajmer become a Sixth Division of Rajasthan?
(A) 1987 (B) 1977
(C) 1982 (D) 1991

अजमेर राजस्थान का छठा संभाग कब बना?
(A) 1987 (B) 1977
(C) 1982 (D) 1991

65. Who among the following was not an incumbent of the Chairman of State Women Commission?
(A) Kanta Kathuria (B) Tara Bhandari
(C) Lad Kumari Jain (D) Girija Vyas

राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष पद पर कौन आसीन नहीं रहा?
(A) कांता कथूरिया (B) तारा भण्डारी
(C) लाड कुमारी जैन (D) गिरिजा व्यास

66. Who is the head of the District Disaster Management Authority?
(A) Commissioner Municipal Corporation
(B) CEO (Zila Parishad)
(C) District Collector
(D) Superintendent of police

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का अध्यक्ष कौन होता है?
(A) आयुक्त नगर निगम
(B) सी.ई.ओ. (जिला परिषद)
(C) जिला कलेक्टर
(D) पुलिस अधीक्षक



67. Match list – I with list – II and identify the correct answer from the code given below –

**List – I**
(a) Mont-Ford Report
(b) Motilal Nehru Report
(c) J.V.P. Committee
(d) Morley - Minto Reform

**List – II**
(i) 1928
(ii) 1919
(iii) 1948
(iv) 1909

**Code -**
(A) a-(ii), b-(i), c-(iii), d-(iv)
(B) a-(iv), b-(iii), c-(i), d-(ii)
(C) a-(iv), b-(i), c-(iii), d-(ii)
(D) a-(iv), b-(iii), c-(ii), d-(i)

सूची–I का सूची–II से मिलान कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए –

**सूची – I**
(a) मोंट–फोर्ड रिपोर्ट
(b) मोतीलाल नेहरु रिपोर्ट
(c) जे.वी.पी. समिति
(d) मार्ले–मिंटो सुधार

**सूची – II**
(i) 1928
(ii) 1919
(iii) 1948
(iv) 1909

**कूट –**
(A) a-(ii), b-(i), c-(iii), d-(iv)
(B) a-(iv), b-(iii), c-(i), d-(ii)
(C) a-(iv), b-(i), c-(iii), d-(ii)
(D) a-(iv), b-(iii), c-(ii), d-(i)

68. Which of the following is incorrect statement?
(A) Advocate General for the state is appointed by Chief Justice of High Court.
(B) It shall be the duty of the Advocate General to give advice to the Government of the state on legal matters.
(C) The Advocate General shall hold office during the pleasure of the Governor.
(D) Remuneration of the Advocate General is determined by the Governor.

निम्न में से कौन सा कथन गलत है?
(A) राज्य के महाधिवक्ता की नियुक्ति उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा की जाती है।
(B) महाधिवक्ता का यह कर्तव्य होगा कि वह राज्य सरकार को विधिक मामलों में सलाह दें।
(C) महाधिवक्ता राज्यपाल के प्रसादपर्यंत पदधारण करेगा।
(D) महाधिवक्ता का पारिश्रमिक राज्यपाल द्वारा निर्धारित किया जाता है।

69. How many seats are reserved for Scheduled Tribes in Rajasthan Legislative Assembly?
(A) 22 (B) 24
(C) 28 (D) 33

राजस्थान विधान सभा में कितने पद अनुसूचित जनजाति हेतु आरक्षित हैं?
(A) 22 (B) 24
(C) 28 (D) 33

70. Under which article of the Indian Constitution the Chief Minister is appointed in Rajasthan?
(A) Article 60 (B) Article 164
(C) Article 270 (D) Article 350

भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के तहत राजस्थान में मुख्यमंत्री की नियुक्ति होती है?
(A) अनुच्छेद 60 (B) अनुच्छेद 164
(C) अनुच्छेद 270 (D) अनुच्छेद 350

71. Which of the following internet service is appropriate to access the computer of your office from home?
(A) Telnet (B) FTP
(C) IRC (D) WWW

निम्न में से कौन सी इन्टरनेट सेवा, आपके ऑफिस के कम्प्यूटर को घर से एक्सेस (अधिगम) करने के लिए उपयुक्त है?
(A) टेलनेट (B) एफ.टी.पी.
(C) आई.आर.सी. (D) डब्ल्यू.डब्ल्यू.डब्ल्यू.

72. Which of the following is used in main memory?
(A) SRAM (B) DRAM
(C) PRAM (D) DDR

निम्न में से कौनसा मुख्य मैमोरी में प्रयोग में आता है?
(A) SRAM (B) DRAM
(C) PRAM (D) DDR

73. Consider Column – 1 and Column – 2 in context of computer generations –

**Column - 1**
(1) Transistors
(2) VLSI
(3) Machine language
(4) PARAM

**Column - 2**
(a) Fourth generation
(b) Fifth generation
(c) Second generation
(d) First generation

Match of column - 1 and column - 2 is -
(A) 1-(c), 2-(a), 3-(d), 4-(b)
(B) 1-(b), 2-(d), 3-(a), 4-(c)
(C) 1-(d), 2-(b), 3-(c), 4-(a)
(D) 1-(c), 2-(d), 3-(b), 4-(a)

कम्प्यूटर की पीढ़ियों के संदर्भ में स्तम्भ – 1 तथा स्तम्भ – 2 पर विचार करें –

**स्तम्भ - 1**
(1) ट्रांज़िस्टर
(2) वी.एल.एस.आई.
(3) मशीन लैंग्वेज
(4) परम

**स्तम्भ - 2**
(a) चौथी पीढ़ी
(b) पांचवी पीढ़ी
(c) दूसरी पीढ़ी
(d) पहली पीढ़ी

स्तम्भ - 1 तथा स्तम्भ - 2 का सुमेल है –
(A) 1-(c), 2-(a), 3-(d), 4-(b)
(B) 1-(b), 2-(d), 3-(a), 4-(c)
(C) 1-(d), 2-(b), 3-(c), 4-(a)
(D) 1-(c), 2-(d), 3-(b), 4-(a)

74. Interpreter is used as a translator for –
(A) Low level language (B) High level language
(C) COBOL (D) C++

किसके लिए इन्टरप्रेटर ट्रांसलेटर की तरह प्रयोग में लाया जाता है?
(A) लो लेवल लैंग्वेज (B) हाई लेवल लैंग्वेज
(C) COBOL (D) C++

75. In MS PowerPoint, key used to run the Slide Show from the beginning is -
(A) Shift + F5 (B) F7
(C) F11 (D) F5

एम.एस. पावर पॉइंट में स्लाइड शो को शुरुआत से चलाने के लिए प्रयुक्त की जाने वाली कुंजी है –
(A) Shift + F5 (B) F7
(C) F11 (D) F5

76. Who built the world's first electronic calculator using telephone relays, light bulbs and batteries?
(A) George Stibits (B) Konard Zuse
(C) Claude Shannon (D) Howard H. Aliken

टेलीफोन रिले, लाइट बल्ब्स और बैटरीज़ का प्रयोग करते हुए विश्व का प्रथम इलेक्ट्रॉनिक कैल्क्यूलेटर किसने बनाया?
(A) जॉर्ज स्टिबिट्स (B) कोनार्ड जूस
(C) क्लॉड शनॉन (D) हॉवर्ड एच. एलिकेन



77. In context of MS Word – 2019, consider following statements –
I : By pressing Ctrl + N, you can create a new document.
II : The template provides the formats that give a document its appearance.
Which of the above statement is/are true?
(A) Only I (B) Only II
(C) Both I and II (D) Neither I nor II

एम.एस. वर्ड–2019 के संदर्भ में, निम्न कथनों पर विचार करें।
I : Ctrl + N दबाकर आप एक नया डॉक्यूमेंट बना सकते हैं।
II : टेम्पलेट वे फॉर्मेट देती हैं, जो एक डॉक्यूमेंट को उसका स्वरूप प्रदान करती है।
उपरोक्त कथनों में से कौन सा/कौन से सत्य है/हैं?
(A) केवल I (B) केवल II
(C) I तथा II दोनों (D) न तो I और ना ही II

78. Consider the following ordered sequence of actions in MS Excel -
(a) Select cell range A1 : E10
(b) Press 100 on keyboard
(c) Press 'Ctrl + Enter'
Choose the true statement, after above actions -
(A) 100 is entered in each cell of the range.
(B) 100, 101, 102,.....150 entered in cells of the range.
(C) 100 is entered in cell A1 only.
(D) 100 is entered in cell A1 and cell E10.

एम.एस. एक्सेल में निम्न क्रियाओं की क्रमित श्रृंखला पर विचार करें –
(a) सेल रेंज A1 : E10 का चयन करें
(b) की–बोर्ड पर 100 दबाएं
(c) 'Ctrl + Enter' दबाएं
उक्त क्रियाओं के उपरान्त सही कथन का चुनाव करें –
(A) रेंज की प्रत्येक सेल में 100 प्रविष्ट हुआ।
(B) रेंज की सेलों में 100, 101, 102,.....150 प्रविष्ट हुआ।
(C) 100 केवल सेल A1 में प्रविष्ट हुआ।
(D) 100, सेल A1 तथा सेल E10 में प्रविष्ट हुआ।

79. IEEE – 1394 is -
(A) Fire Wire (B) USB Port
(C) Serial Port (D) Parallel Port

IEEE – 1394 है –
(A) फायर वायर (B) यू.एस.बी. पोर्ट
(C) सीरियल पोर्ट (D) पैरेलल पोर्ट

80. Which of the following statement is false?
(A) A bar-code reader uses laser-beam scanning technology.
(B) Bar-codes are printed using special ink containing iron oxide.
(C) On goods, postal packages, books etc. we use bar-code for unique identification.
(D) Bar-codes represents data using combination of vertical lines.

निम्न में से कौन सा कथन असत्य है?
(A) एक बार कोड रीडर लेज़र–बीम स्कैनिंग तकनीक का प्रयोग करता है।
(B) बार कोड एक विशेष स्याही के प्रयोग से छापे जाते हैं, जिसमें आयरन ऑक्साइड होता है।
(C) सामान, डाक–पैकेज, किताबें आदि पर हम अद्वितीय पहचान के लिए बार कोड का प्रयोग करते हैं।
(D) बार कोड खड़ी रेखाओं के संयोजन से डाटा को निरूपित करता है।

81. Match the idioms in Column (A) with their meanings listed in Column (B) –

**Column - (A) Idioms**

(a) A red-letter day
(b) To smell a rat
(c) To leave no stone unturned
(d) To turn over a new leaf

**Column - (B) Meanings**

(i) to suspect something wrong
(ii) to make every possible effort
(iii) to make a fresh start
(iv) A special/ noteworthy/ memorable occasion

(A) a-(iii), b-(iv), c-(i), d-(ii)
(B) a-(ii), b-(iii), c-(iv), d-(i)
(C) a-(iv), b-(i), c-(ii), d-(iii)
(D) a-(ii), b-(iii), c-(i), d-(iv)

82. Choose the correct meaning of the idiom – 'Feeling under the weather' means –

(A) rejuvenate (B) refreshed
(C) to feel ill (D) bad weather

83. Fill in the blank with the most appropriate phrasal verb –
Raja Ram Mohan Roy urged Indians to................ (do) untouchability.

(A) do away with (B) do without
(C) do upon (D) do at

84. Match the words listed in Column (A) with their synonyms in Column (B) –

**Column - (A) Words**

(a) Access
(b) Retrieve
(c) Ameliorate
(d) Alter

**Column - (B) Synonyms**

(i) Improve
(ii) Change
(iii) Approach
(iv) Restore

(A) a-(iii), b-(iv), c-(i), d-(ii)
(B) a-(ii), b-(i), c-(iv), d-(iii)
(C) a-(ii), b-(iii), c-(iv),d-(i)
(D) a-(iv), b-(iii), c-(ii), d-(i)

85. "The lion is a fierce wild animal."
In this sentence (the underlined words) 'The lion' stands for -

(A) the whole class of lions
(B) a single lion
(C) a particular lion
(D) a lion formally discussed

86. Fill in the blank spaces in the given sentence selecting appropriate set of words from the following options –
**Sentence**: Contrary to popular ........... that money is power, I ............. that knowledge is power.

(A) belief, believe (B) believe, belief
(C) beliefs, believes (D) believes, beliefs

87. Change the voice of the following and choose the correct option –
There is no charge to make against him. (Change into Passive Voice)

(A) There is no charge made against to him.
(B) There is no charge to be made against him.
(C) There is no charge to have made against him.
(D) There was no charge to be made against him.

88. Choose the correct option :
'Do you know when she will go home?' I said to him. (Change into indirect speech)

(A) I asked him that did he know when she would go home.
(B) I asked him if he knew when she would go home.
(C) I asked him if he know when she would go home.
(D) I asked him if he knew when she will go home.

89. Complete the sentence selecting the correct preposition from the given options –
"A new bridge is being built ......... the river Niger."

(A) in (B) at
(C) during (D) on

90. Fill in the blank space in the sentence choosing the right alternative from the given options –
"A kangaroo can jump.......... a rabbit."

(A) highest than (B) higher than
(C) higher to (D) highest to



91. किस विकल्प में तत्सम शब्द प्रयुक्त हुए हैं?

(A) वत्स, उलूक
(B) खंभा, मूसल
(C) नाज़ी, सेमिनार
(D) आसमान, श्यालक

92. संधि की दृष्टि से असुमेलित विकल्प का चयन कीजिए –

(A) मधु + अरि = मध्वरि
(B) वधु + इच्छा = वध्विच्छा
(C) गति + अवरोध = गत्यवरोध
(D) भ्रातृ + उपकार = भ्रात्रुपकार

93. निम्नलिखित सूची–I के मुहावरों को सूची–II में उनके अर्थ के साथ सुमेलित कीजिए –

**सूची–I**

(i) सिर पर भूत सवार होना
(ii) दाल–भात में मूसलचंद
(iii) गूलर का फूल हो जाना
(iv) ताड़ का वृक्ष

**सूची–II**

(क) बिना मतलब दख़ल देना
(ख) किसी के काम न आने वाला
(ग) धुन लग जाना
(घ) कम दिखना

(A) (i)- (ग), (ii)- (ख), (iii)- (क), (iv)- (घ)
(B) (i)- (क), (ii)- (ख), (iii)- (ग), (iv)- (घ)
(C) (i)- (ग), (ii)- (घ), (iii)- (क), (iv)- (ख)
(D) (i)- (ग), (ii)- (क), (iii)- (घ), (iv)- (ख)

94. 'अंधकारि–अंधकारी' उक्त शब्द–युग्म का सही अर्थ चुनिए –

(A) निरादर, विरक्त
(B) महादेव, एक राग विशेष
(C) कमल, अंधकार युक्त
(D) धूपबत्ती, एक शासक विशेष

95. किस विकल्प में सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची हैं –

(A) संध्या, साँझ, गोधुलि, मराल
(B) रोहित, सारंग, चक्रांग, कृष्णसार
(C) धनंजय,पार्थ, कौन्तेय, गुड़ाकेश
(D) मयूर, शिखी, बलाहक, पंचनख

96. असंगत विकल्प का चयन कीजिए –

(A) जिसने ऋण चुका दिया है – उत्तमर्ण
(B) पर्वत का निचला मैदानी भाग – उपत्यका
(C) निंदा के बहाने प्रशंसा करना – व्याजस्तुति
(D) प्रशंसा के बहाने निंदा करना – व्याजनिंदा

97. किस विकल्प में विलोम युग्म है –

(A) पूर्वरात्र – अपराह्न
(B) मसृण – विमल
(C) मूर्त – गौण
(D) मौलिक – अनूदित

98. निम्न में से किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध हैं?

(A) शताब्दी, साधूवाद, मुहुर्त
(B) चन्द्रमौलि, समाविष्ट, मुनिजन
(C) शशीभूषण, जयन्ति, ऊर्ध्वगामी
(D) कीरिट, भार्यापति, आध्यात्म

99. निम्न में से किस विकल्प के सभी शब्द मूलतः द्विगु समास के उदाहरण हैं?

(A) दशानन, यथेच्छा
(B) चतुर्भुज, प्रत्यक्ष
(C) त्रिलोचन, चौबीस
(D) सप्ताह, शताब्दी

100. उपसर्ग से निर्मित शब्दों के संदर्भ में कौन–सा विकल्प संगत है?

(A) प्र – प्रगति, प्रतिवाद, प्रभाव
(B) आ – आक्षेपित, आंगिक, आसक्ति
(C) नि– निष्णात, निष्पक्ष, निष्ठा
(D) सु – स्वल्प, सौहार्द, सुषुप्त